classmate
Date
Page

## कैरियर काउन्सलिंग कार्यशाला 24/8/21

आज दिनांक 24/08/2021 को महाविद्यालय के भौतिक व्याख्यान कक्ष में Art + Craft Paper exhibition का आयोजन किया गया जिसमें श्री दिलीप कुमार मीना, मेहंदीपुर बालाजी राजस्थान से आये हुये कलाकार श्री दिलीप कुमार मीना जी ने Paper cutting Show के माध्यम से छात्राओं को विभिन्न प्रकार डिजाइन/ रंगोली, व माडल बनाना सिखाया। उक्त कार्यशाला में छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यशाला में डा० विवेक तिवारी व डा० रश्मि अग्रवाल ने उपस्थित होकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का निर्देशन व संचालन डा० शरद कुमार वैश्य ने किया।

दिलीप कुमार (signature)
श्री दिलीपकुमार मीना
अतिथि कलाकार
Ph. 8745975870

(signature)
डा० शरद कुमार वैश्य
प्रभारी

अवलोकित
(signature) 24.08.2021

Prof. Anuradha Tiwari
Principal
N.S.C.B. Govt. Girls P.G. College
Aliganj, Lucknow

Date 8/10/21

Workshop on "Employability Skills for Career Development".

आख्या

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत आज 8 अक्टूबर 2021 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय अलीगंज लखनऊ एवं महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर अनुराधा तिवारी के निर्देशन एवं संरक्षण में महाविद्यालय सभागार में "एम्पलाईबिलिटी स्किल्स इन कैरियर डेवलपमेंट" विषय पर कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो अनुराधा तिवारी ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए आशीर्वचनों से उपस्थित छात्राओं को अभिसिंचित किया तथा बताया कि आज के प्रतियोगी युग में कैरियर में उच्चतम सफलता प्राप्त करने में व्यक्तित्व विकास की आत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को स्किल डेवलपमेंट को शीर्ष प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यशाला के संयोजक डॉ शरद कुमार वैश्य ने महिंद्रा प्राइड क्लासरूम द्वारा प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के श्री अतुल कुमार पांडे एवं श्री करण श्रीवास्तव ने छात्राओं को एम्पलाईबिलिटी स्किल, सेल्फ एनालिसिस, इंटरव्यू स्किल्स एवं कम्युनिकेशन स्किल इत्यादि की जानकारी दी तथा छात्राओं को टीचिंग एवं ट्रेनिंग के बीच का भेद बताया। इस अवसर पर कैरियर काउंसलिंग समिति की सदस्य डॉक्टर पूनम वर्मा एवं डॉ रश्मि अग्रवाल ने कार्यशाला के आयोजन में सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ विवेक तिवारी, डॉ राघवेंद्र नारायण, डॉ जयप्रकाश, डॉ

classmate

Date
Page

# आख्या

प्राचार्य प्रो० अनुराधा तिवारी एवं कैरियर काउन्सलिंग समिति के संयोजक डा० शरद कुमार वैश्य के निर्देशन में महाविद्यालय में "पुणे इन्स्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट" के तत्वावधान में महाविद्यालय की अन्तिम वर्ष एवं परास्नातक की छात्राओं के कैरियर उन्नयन हेतु "स्किल डेवलपमेंट फार ग्लोबल प्लेसमेंट" विषयक कैरियर काउन्सलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रो० अनुराधा तिवारी ने छात्राओं को अपने आशीर्वचन से अभिसिंचित करते हुये कहा कि छात्र जीवन मे एकाग्रचित, दृढ़ निश्चय एवं कठिन परिश्रम से ~~अच्छे~~ अच्छे करियर की प्राप्ति की जा सकती है। अतिथि वक्ता के रूप में पी०आई०बी०एम से आये हुये श्री अमित कुमार, श्री प्रतीक राज एवं श्री मुकेश गुप्ता ने छात्राओं को पोर्टफोलियो मैनेजमेंट, वेल्थ मैनेजमेंट, मार्केटिंग रिसर्च, बिजनेस ~~स्ट्रै~~ स्ट्रैटजी एवं एनालिसिस, लाजिकल थिंकिंग इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं अंचिता शुक्ला एवं प्रियांशी पोरवाल को उत्कृष्ट संवाद हेतु पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा० शरद कुमार वैश्य एवं समापन / धन्यवाद ज्ञापन डा० रश्मि अग्रवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में समिति के सदस्य डा० श्वेता भारद्वाज, डा० रश्मि अग्रवाल सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

[signature] 30/11/2021

डा० शरद कुमार वैश्य

# स्किल डेवलपमेंट फॉर ग्लोबल प्लेसमेंट विषय पर हुई कार्यशाला

लखनऊ। नेताजी सुभाषचंद्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय व पुणे इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त सहयोग से आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत शनिवार को एकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की स्नातक अंतिम वर्ष एवं परास्नातक की छात्राओं के कैरियर उन्नयन हेतु डा.शरद कुमार वैश्य के नेतृत्व में स्किल डेवलपमेंट फॉर ग्लोबल प्लेसमेंट विषयक करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने छात्राओं को अपने आशीर्वचन से अभिसिंचित करते हुए कहा कि छात्र जीवन मे एकाग्र चित्त दृढ़ निश्चय एवं कठिन परिश्रम से बेहतर कैरियर की प्राप्ति की जा सकती है। अतिथि वक्ता के रूप में पीआईबीएम से आए हुए अमित कुमार प्रतीक राज एवं मुकेश गुप्ता ने छात्राओं को पोर्टफोलियो मैनेजमेंट, वेल्थ मैनेजमेंट मार्केटिंग रिसर्च मार्केटिंग स्ट्रेटजी बिजनेस एनालिस्ट लॉजिकल थिंकिंग इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। महाविद्यालय की करियर काउंसलिंग समिति के सदस्य डॉक्टर श्वेता भारद्वाज डॉ रश्मि अग्रवाल सहित डॉ उषा मिश्रा डा. पारुल मिश्रा डॉ अरविंद यादव डॉ राहुल पटेल एवं डॉक्टर क्रांति सिंह ने उपस्थित रहकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया । इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं अधिति शुक्ला एवं प्रियांशी पोरवाल को उत्कृष्ट संवाद हेतु पुरस्कृत भी किया गया ।